हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 15 मई 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री



निर्माण कार्य स्थलों के औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर





**खबर संक्षेप**

## पुल की रेलिंग से टकराया बाइक सवार युवक, मौत



**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रदेश के सबसे लंबे सूरजगढ़ पुल की रेलिंग में टकराने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवा दिया है, वहीं उसकी शिनाख्ती की प्रक्रिया चल रही है। दरअसल मंगलवार की देर रात पुल पर एक युवक की लाश देखी गई। जिसकी बाइक पुल की रेलिंग से टकरा कर क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी और युवक के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट के निशान थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम रात में ही मौके पर पहुंची और युवक के शव को अस्पताल पहुंचाया गया। युवक बाइक में सरिया से रायगढ़ की ओर जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे बाइक रेलिंग से टकराने से दुर्घटना मान रही है। फिलहाल मृतक की शिनाख्ती नहीं हो पाई है, ऐसे में पुलिस द्वारा आसपास के गावों में मुनादी कराई गई और थानों सहित सोशल मीडिया में भी उसका फोटो वायरल किया गया है।

### लू से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

# दिन में चलने लगी लू, रात में गर्म हवाओं के थपेड़े

घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मई के तीसरे सप्ताह में तेज गर्मी से लोगों की दिनचर्या बिगड गई है। भरी दोपहरी में जहां लू के थपेडे महसूस हो रहे हैं, तो वहीं रात में भी गर्म हवा चलने से लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। हालांकि कुछ दिन पहले मौसम में बदलाव होने से कुछ दिन तक राहत मिली थी। मगर अब फिर से गर्मी अपने पूरे शबाब पर आ चुकी है। दूसरी तरफ बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दी है।

मई महीने का तीसरा सप्ताह चल रहा है। इस सप्ताह गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। गर्म हवा के थपेडे महसूस किए जा रहे हैं, जिससे इन दिनों दोपहर के वक्त सडकें खाली दिख रही हैं। गर्मी के एकाएक बढने से लोगों की दिनचर्या बिगड गई है। लू के थपेडों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। जिसको लेकर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ने लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आम जनता से अपील किया है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से लें, इससे बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने एवं और सुरक्षित रहने के उपाए बताए हैं। उन्होंने कहा कि घर से बाहर निकलने के पहले पर्याप्त पानी अवश्य पियें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी, कपड़ा, छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक निकलने से बचें।



### घर से खाली पेट ना निकलें

धूप में खाली पेट न निकलें। पानी हमेशा साथ में रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें। बुखार आने पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें। कूलर या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकलें। साथ ही अनावश्यक धूप में न निकलें।

# वन विभाग के उड़नदस्ता ने सरई लट्ठों से भरे ट्रक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में इन दिनों लकड़ी तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मंगलवार को वन विभाग के उड़नदस्ते ने सरई लट्ठों से भरा एक ट्रक को पकड़ा है। यह कार्रवाई घरघोड़ा और तमनार रेंज की सीमा पर की गई।

**खास बात**

- घरघोड़ा और तमनार रेंज की सीमा पर की गई कार्रवाई

दरअसल उड़नदस्ता दल को मुखबिर से सूचना मिली कि छहडोरिया क्षेत्र में एक ट्रक अवैध सरई के लट्ठे की तस्करी होने वाली है। जिसके बाद उड़नदस्ता प्रभारी योगेन्द्र गंडेचा, सहायक उड़नदस्ता प्रभारी संदीप नामदेव, दाताराम उरांव ने पूरे क्षेत्र में छानबीन शुरू की। तभी पता चला कि छहडोरिया क्षेत्र के ईंट भट्ठा के गोदाम के पास ट्रक को छिपा दिया गया है। शाम को करीब 5 बजे उड़नदस्ता दल को ट्रक मिल गया। वन विभाग ने ट्रक ड्राइवर जबीर खान और खालासी शेर खान निवासी झारखंड के गढ़वा जिले को धरदबोचा। पूछताछ में पता चला कि ट्रक गढ़वा के किसी एनडी अफरोज खान का है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर ट्रक को जब्त कर लिया गया।



### लाखों का सरई लकड़ी जब्त

बताया जा रहा है कि पूरा ट्रक सरई के लट्ठे से भरा हुआ है। इसमें करीब 24 से 25 घन मीटर लकड़ी है। जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। ज्ञात हो कि वन विभाग के उड़नदस्ता टीम की डेढ़ महीने में यह चौथी बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें घरघोड़ा, जामटिकरा रायगढ़, सामारूमा के जंगल और छहडोरिया की कार्रवाई शामिल है। बताया जा रहा है कि सभी मामले में काफी मात्रा में अवैध लकड़ी पकड़ी है।

# धनबादा कंपनी के विस्फोट से सहमे ग्रामीण, पहुंचे कलेक्टर के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धनाबादा कंपनी द्वारा विस्फोट करने से कुछ गांव के ग्रामीण दहशत में हैं। कई ग्रामीणों के घरों में दरार भी आ चुकी है। ग्रामीणों द्वारा इस तत्काल रोक लगाने के लिए कलेक्टर से शिकायत की गई है। ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन पर आरोप भी लगाया है कि उनके द्वारा किसानों की भूमि पर कब्जा कर लिया गया है, जिससे इसका सीमांकन जल्द ही होनी चाहिए। दर्जनों की संख्या में कलेक्टोरे पहुंचे महिला-पुरूषों ने बताया कि वो ग्राम पंचायत चिडोडीह, ग्राम भालूपखना, तहसील धरमजयगढ़ के रहवासी हैं। वर्तमान में धनबादा कंपनी द्वारा इनके ग्राम में 7.5 मेगावाट की विद्युत उत्पादन परियोजना का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत कंपनी प्रबंधन द्वारा गांव के कृषकों से अधिग्रहित भूमि से कहीं अधिक भूमि पर अतिक्रमण कर कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में सभी ग्रामवासियों ने पूर्व में संबंधित राजस्व अधिकारियों एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पुनः सीमांकन कराने का निवेदन किया था, लेकिन आज दिनांक तक इस गंभीर मुद्दे को किसी ने संज्ञान में नहीं लिया। इसके अलावा कंपनी द्वारा गांव के रिहायशी क्षेत्रों में निरंतर विस्फोट किए जा रहे हैं, जिससे कई बार अनेक ग्रामीणों के मकानों में दरारें आ चुकी हैं। सम्पूर्ण गांव वालों के जानमाल की सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इस विषय पर भी प्रशासन को पूर्व में सूचित किया गया था, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है और विस्फोटक निरंतर जारी है।



### न्याय की लगाई गुहार

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि ग्राम भालूपखना में धनबादा कंपनी द्वारा अतिक्रमित भूमि का शीघ्र सीमांकन कराया जाए। रिहायशी क्षेत्रों में किए जा रहे विस्फोटों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। इसके अलावा भविष्य में ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हेतु उपयुक्त कदम उठाया जाए।

## खरसिया के पूजा सामग्री स्टोर में लगी आग

**खरसिया।** खरसिया के स्टेशन रोड स्थित नाटक मंडली एवं पूजा सामान की दुकान नरेश स्टोर्स में सुबह आग लगने की वजह से दुकान के ऊपर स्थित दुकान के मालिक के घर के अंदर तक धुआं फैल गया जिसकी वजह से दुकानदार परिवार बेहोशी की हालत में पहुंच गया था मोहल्ले वासियों की सजकता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रण भगत सहित दमकल विभाग नगर पालिका प्रशासन की पूरी टीम अध्यक्ष कमल गर्ग उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी पार्षद अरुण चौधरी भाजपा नेता रतन अग्रवाल पूर्व पार्षद राजेश अग्रवाल घनसू की तत्परता से आग पर काबू पाया गया अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं नगर वासियों द्वारा अपनी जान पर खेल कर परिजनों को जो की बेहोशी की हालत में पहुंच चुके थे उन्हें अपने कंधों पर उठाकर नगर पालिका की लिफ्टर मशीन से सुरक्षित और सकुशल निकाला गया एवं खरसिया नगर को एक बड़ी जनहानि और अनहोनी से बचा लिया गया। तत्परता पूर्वक तत्काल आग बुझाने की कार्यवाही नहीं किए जाने पर आसपास के मकान में भी आग फैलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता था।



## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में स्क्रीनिंग टेस्ट

**पत्थलगांव।** नव गुरुकुल संस्था व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिले के 8 विकासखंड में स्क्रीनिंग टेस्ट कर रही है। उक्त संस्था में कंप्यूटर ऑपरेटर, मैनेजमेंट सिस्टम, प्रोग्रामिंग कोडिंग का कोर्स सिखाया जाएगा। उक्त कोर्स की अवधि 18 महीने की है जिसमें छात्राओं को निशुल्क भोजन, रहने के लिए छात्रावास की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा किया जाता है। 18 महीने पूरा होने के बाद सभी छात्राओं को भारत के अलग-अलग राज्यों में 15 से 20,000 महीने का पैकेज भी प्रदान किया जाता है। इसी चरण में पत्थलगांव के विकासखंड के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थाओं जैसे आईटीआई कॉलेज या स्कूल से उत्तीर्ण किए हुए छात्राएं का चिन्हांकन कर स्क्रीन टेस्ट लिया गया। स्क्रीन टेस्ट लेने के बाद चयनित उम्मीदवारों को ऑनलाइन इंटरव्यू लिया जावेगा इंटरव्यू लेने के बाद प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

### स्थानांतरित कर्मचारियों के जॉइन ना करने पर होगी कार्रवाई

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व विभाग के कार्यों की सामीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने भूअर्जन, नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, डायवर्सन, रबी फसल प्रविष्टि, ई नामांतरण, अभिलेख शुद्धता आदि के कार्यों की सामीक्षा करते हुए उन्हें समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न तहसीलों में कार्यदक्षता में वृद्धि और कार्यों को गति प्रदान करने हेतु किये गए स्थानांतरणों के द्वारा नवीन पदस्थापना वाले स्थानों में जॉइन ना करने वाले कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से रिलीव करने एवं पदग्रहण ना करने पर कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों को क्षतिपूर्ति के मामलों को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द मुआवजा वितरित करने के निर्देश देते हुए इसके लिए थाना प्रभारी एवं एसडीओपी स्तर पर समन्वय कर तीव्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### रामगढ़ घटना के बाद खाई वाले क्षेत्र में की गई बैरिकेडिंग

**रजपुरीकला।** रामगढ़ की पहाड़ियों में स्थित चंदन मिट्टी क्षेत्र के पास एक गहरी खाई में 11 वर्षीय बालिका बेबी राजवाड़े आ. तुलेश्वर राजवाड़े के गिर जाने की घटना के बाद विधायक राजेश अग्रवाल ने रामगढ़ पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। इसी कड़ी में आज वन प्रबंधन समिति एवं फॉरेस्ट विभाग द्वारा खाई के चारों ओर बांस की बैरिकेडिंग कर दी गई है जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस प्रकार के संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### अवैध रेत परिवहन मामले में 5 वाहन किए गए जब्त

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आज मंगलवार को खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही ग्राम पंचायत कुरुवां एवं राजापुर क्षेत्र में की गई। यहां पर अवैध रूप से रेत का परिवहन कार्य में लगे 5 वाहनों को जब्त किया गया है। बताया गया कि तीन वाहनों को बिश्रामपुर और 2 वाहन को जयनगर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा सभी वाहनों के मालिकों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत कानूनी कार्यवाही किये जाने की खबर है।

### वीर जवानों के विजय व शौर्य के लिए किया गया हवन-पूजन

**राजपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। इस बीच वीर सपूतों ने भी बलिदान दिया है।

## निर्माणाधीन मकान के पीछे जुआ खेलते 5 गिरफ्तार

# जुए और शराब के अड्डे पर पुलिस का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस एक्शन मोड में नजर आई। दो अलग-अलग मामलों में जुए और अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्रवाइयों ने स्थानीय लोगों को चौंका दिया। पहली कार्रवाई में जहां निर्माणाधीन मकान के पीछे जुआ खेलते 5 युवकों को गिरफ्तार किया गया, वहीं दूसरी कार्रवाई में अंग्रेजी शराब लेकर जा रहे एक युवक को बाइक सहित पकड़ा गया।

■ शराब के साथ बाइक सवार पकड़ा गया



मौके पर जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करतीं पुलिस।

**63 हजार नकद और 16 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाई**



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**निर्माणाधीन मकान के पीछे बोरी बिछाकर खेल रहे थे जुआ:** सुबह के समय एसडीओपी धुर्वेश कुमार जायसवाल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पत्थलगांव के लंजीयापारा मोहल्ले में एक निर्माणाधीन मकान के पीछे कुछ लोग जुए का फड़ जमाए बैठे हैं।

**अवैध शराब के साथ युवक बाइक सहित गिरफ्तार:** इसी दिन दोपहर को पुलिस को एक और मुखबिरी सूचना मिली कि एक युवक अपनी मोटरसाइकिल में अंग्रेजी शराब भरकर पत्थलगांव से पालीडीह की ओर जा रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर बजाज सिटी 110 बाइक सीजी 14 एमपी 1267 को रोका और तलाशी ली।

## ऑपरेशन अंकुश की बड़ी सफलता

# 5 साल से फरार लूट का आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** पुलिस को ऑपरेशन अंकुश के तहत बड़ी कामयाबी मिली है। बगीचा थाना क्षेत्र में वर्ष 2018 में लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे आरोपी रंजीत दास को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नोनिया टांगर से घेराबंदी कर पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद पीड़ित से शिनाख्त कराई गई और फिर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**इनकी रही अहम भूमिका:** संत लाल आयाम, थाना प्रभारी बगीचा, प्रदीप जायसवाल, थाना प्रभारी सीतापुर, रामनाथ राम, सहायक उप निरीक्षक, जिला बल जशपुर आरक्षक उमेश प्रभाकर व मुकेश पांडे इन सभी ने आरोपी की तलाश, घेराबंदी और गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ऑपरेशन अंकुश जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन अंकुश के तहत पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह सफलता टीमवर्क का परिणाम है। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और फरार आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सुशासन तिहार के ज़रिए गांव-गांव तक पहुंची सरकार



सुशासन तिहार में पहुंची विधायक गोमती साय का स्वागत।

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्त्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार अब राज्य के कोने-कोने तक अपनी छाप छोड़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत शासन जनता के द्वार तक पहुँच रहा है और समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगर पंचायत पत्थलगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्रीमती गोमती साय उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने कई आवेदनों को प्राथमिकता देते हुए अनेक मुद्दों का स्थल पर ही समाधान सुनिश्चित किया। जनसंवाद, त्वरित समाधान और सेवाओं की सीधी पहुँच ने आम जनता के बीच विश्वास को और भी मजबूत किया है। यह शिविर न केवल समस्याओं के समाधान का माध्यम बना, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि छत्तीसगढ़ सरकार आमजन के साथ खड़ी है। संवाद से समाधान कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनिल मित्तल, मण्डल अध्यक्ष अंकित बंसल, हेमन्त बंजारा, अवधेश गुप्ता,जनपद अध्यक्ष संगीता सिंह, हरजीत भाटिया,सुनील गर्ग, विशु शर्मा,श्याम नारायण गुप्ता,रेणु विश्वास, भुनेश्वरी बेहरा, सहित जनपद सदस्य,समस्त विभागों के पदाधिकारी भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित हो कर सुशासन के इस महापर्व को सार्थक और सफल बनाए।

### जशपुर, सोगड़ा और गोडअम्बा में शिविर

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के तहत जशपुर विकासखण्ड में विधायक श्रीमती रायमुनी भगत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष की उपस्थित में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। सुशासन तिहार समाधान शिविर जशपुर में सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों पर किए गए निराकरण की कार्यवाही से हितग्राहियों को अवगत कराया गया। मुख्यतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं की लाभ देते हुए प्रधानमंत्री अवास योजना की चाभी सहित अन्य सामग्री भी वितरण किया गया। साथ ही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों से उर्तीण हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोगड़ा में जनपद अध्यक्ष मनोरा परमेश्वर भगत मुख्य आतिथ्य में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं तथा आमजन की सहभागिता से योगाभ्यास किया गया और योगाभ्यास के बाद श्रमदान से आस-पास की सफाई की गई। सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर दुलदुला के गोडम्बा में आवेदनों के निराकरण की स्थिति बताई गयी और विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। नए शिविर में नए आवेदन भी लिए गए। 10वीं एवं 12वी की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित, वन अधिकार पट्टा धारको को पत्र पुस्तिका प्रदान, हितग्राहियो को राशन कार्ड, केसीसी कार्ड आदि प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं सभी पंचायतों के ग्रामवासी उपस्थित थे।

■ विभागों के प्राप्त आवेदन का किया गया निराकरण

# जटाटोली में सब स्टेशन निर्माण का विवाद गहराया

**जशपुरनगर।** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के सिंगीबहार स्थित जटाटोली गांव में प्रस्तावित विद्युत सब स्टेशन के निर्माण को लेकर एक बार फिर विवाद सामने आया है। वर्षों से लंबित इस परियोजना की शुरुआत एक बार फिर मंगलवार को की गई थी।

लेकिन निर्माण कार्य शुरू होते ही कुछ असामाजिक तत्वों ने निर्माणाधीन ढांचे में तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तहसीलदार, राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने हालात का जायज़ा लिया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। पुलिस ने मौके पर उपद्रव करने वालों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मुद्दे पर स्थानीय लोगों में मतभेद देखने को मिल रहा है। एक ओर अधिकांश ग्रामीण इस परियोजना को क्षेत्र के विकास से जोड़कर देख रहे हैं और चाहते हैं कि सब स्टेशन जल्द तैयार हो, ताकि बिजली की अनियमितता दूर हो सके। वहीं, दूसरी ओर कुछ लोगों का कहना है कि भूमि पर उनका दावा है और मामला अभी पूरी तरह सुलझा नहीं है।



विवाद स्थल पर ग्रामीणों को समझाइश देते पुलिस।

### भूमि शासकीय, सभी वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिस भूमि पर सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है, वह शासकीय भूमि है और निर्माण कार्य सभी वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ही प्रारंभ किया गया है। परियोजना का उद्देश्य जटाटोली सहित आसपास के कई गांवों में बिजली आपूर्ति को बेहतर और स्थायी बनाना है।तहसीलदार ने कहा कि इससे पहले भी दो बार प्रशासनिक स्तर पर बैठक कर यह तय किया गया था कि निर्माण कार्य पूरी तरह वैध है और इसे रोका नहीं जाएगा। इसके बावजूद बार-बार कुछ लोग जानबूझकर बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर शासकीय कार्य में अवरोध माना जाएगा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त डीजल।

# लापरवाही पूर्वक नापजोख करने वाला व्यक्ति चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस अधीक्षक ने जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा आपराधिक प्रवृति के लोगों पर पैनी नजर रख के साथ सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में 12 मई को चौकी तारा पुलिस ने ग्राम तारा में फारेस्ट डिपो के समीप एक मकान में मोहम्मद हुसैन द्वारा ज्वलनशील पदार्थ डीजल रखकर लापरवाही पूर्वक नापजोख करते पाए जाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच मोहम्मद हुसैन उर्फ नान आ. अब्दुल खान (37 वर्ष) जो 165 लीटर डीजल को लापरवाही पूर्वक नापजोख करते मिला। पुलिस ने वैध दस्तावेज की मांग की तो कोई दस्तावेज पेश नहीं किए। जिप पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध ईसी एक्ट की धारा 3, 7 के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने मौके से 15 हजार 840 रुपए कीमत के 165 लीटर डीजल जब्त कर गिरफ्तार किया।

■ पुलिस ने जब्त की 165 लीटर डीजल

# बदमाश युवकों के दो गुटों में चल रहा गैंगवार, अपराधियों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल में लचर व सुस्त पुलिसिंग से चोरों के बाद अब बदमाश युवकों के हौसले बुलंद हैं।

■ दशहरा मैदान में मारपीट के साथ दो पहिया वाहनों में की गई तोड़फोड़

■ बिश्रामपुर पुलिस ने आधा दर्जन क्षतिग्रस्त बाइक को किया जब्त

अभी पांच दिवस पूर्व मनचले व बदमाश किस्म के युवकों के दो गुटों में चल रही गैंगवॉर की घटना के बाद बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद काउंटर अपराध दर्ज किया था।घटना के बाद अब पुनः सोमवार की शाम को पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्ष के लोग फिर से अम्बेडकर चौक व दशहरा मैदान में लाठी डंडा लेकर आपस में भीड़ गए।

बताया गया कि बिश्रामपुर चोपड़ा- माइनर्स कॉलोनी के बदमाश युवकों ने बीती रात रेलवे स्टेशन चौक मुख्य मार्ग पहुंचकर पुराने मारपीट की घटना में शामिल युवकों को लाठी डंडा,रॉड लेकर खोजबीन करने लगे,इसके कुछ समय बाद माइनर्स कॉलोनी के बदमाश युवकों की वापसी के दौरान अम्बेडकर चौक में रेलवे स्टेशन चौक के विपक्षी गुट के साथ आमना सामना हो गया जिसके बाद मौके पर लाठी डंडे के साथ दोनों युवकों के गैंग के बीच मारपीट हुई, घटना के कुछ देर बाद पुनः दूसरे पक्ष के युवकों ने दशहरा मैदान पहुंचकर मारपीट में शामिल युवकों को मारने के लिये दौड़ाया, इस दौरान कई युवक मौके पर अपनी बाईक छोड़कर भाग निकले,तत्पश्चात मौके पर गिरी बाइकों में युवकों ने लाठी डंडा से जमकर तोड़फोड़ कर दी।दोनो पक्षों में युवकों के गैंगवॉर की घटना की जानकारी मिलने के कुछ समय बाद दशहरा मैदान पहुंची पुलिस ने मौके पर क्षतिग्रस्त हुई आधा दर्जन बाईक को जप्त कर बिश्रामपुर थाना ले आई है।घटना के दूसरे दिवस देर शाम तक किसी भी पक्ष ने बिश्रामपुर थाना में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।वर्तमान में निरंतर हो रही बदमाश युवकों के बीच गैंगवार की घटनाओं से नगरवासी दहशत में हैं।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

मवेशी चराकर वापस घर लौटने के दौरान करंट की चपेट में आकर युवक की मौत मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने आज मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम जमदेई राझापारा निवासी 38 वर्षीय बबल उर्फ भोंदल यादव पिता रति राम यादव 7 मई की शाम मवेशी चराकर घर लौटने के दौरान गांव के ही शैलेन्द्र साहू के तरबूज खेत में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए झटका मशीन की तार की चपेट में आने से मौत हो गई थी।मामले में मृतक के परिजन की रिपोर्ट पर आरोपी शैलेंद्र साहू पिता लोचन साहू के खिलाफ धारा 105 व विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही थी जिस पर पुलिस ने मंगलवार को फरार आरोपी शैलेंद्र साहू को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।



# नगरीय निकायों को दुकान किराया ना पटाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड एवं नगरीय निकायों के विकास कार्यों की मंगलवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली।

इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं लोड शेडिंग की समस्या के निराकरण के लिए जिले में निर्माणाधीन 33 केव्ही के सब स्टेशनों के निर्माण, विद्युत लाइनों के विस्तार, ट्रांसफॉर्मर लगाने के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों की गति बढ़ाते हुए वर्षा ऋतु के पूर्व कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने नगरीय निकायों अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय प्रक्रिया उपरांत स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्रारम्भ ना करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों के राजस्व में वृद्धि के लिए राजस्व की वसूली करवाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने नगरीय निकायों की दुकानों का किराया ना पटाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करवाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण कार्य मे अरुचि रखते हुए निर्माण ना करने वाले लोगों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

■ स्वीकृति उपरांत कार्य पूर्ण ना करने वालों को ब्लैकलिस्ट करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

## ओव्हरटेक करने के दौरान हुई घटना

# ट्रक को टक्कर मार पलटी बस दो घायलों को किया गया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

अम्बिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग एनएच 343 झींगों अलखडीहा के बीच गढ़वा जाने वाली बस ने ट्रक को टक्कर मारते हुए पलट गई। दुर्घटना में दो यात्री बस के नीचे दब गए जिसे काफी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस और नायाब तहसीलदार तत्काल मौके पर पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेतु भर्ती कराया। वहीं दो लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अम्बिकापुर रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार हर रोज की भांति आज सुबह 11.30 गढ़वा जाने वाली सूरज बस क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 5552 अम्बिकापुर से गढ़वा जा रही थी। बस जैसे ही झींगों और अलखडीहा के बीच पहुंची तभी सामने जा रही एक बस को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक को टक्कर मारते हुए पलट गई। बस के पलटने से बस के दरवाजे के पास खड़े अम्बिकापुर से बलरामपुर जा रहे देवेंद्र सिंह आ स्व. विश्वनाथ सिंह (58 वर्ष) एवं वृंदा आ. भीम भुइया (30वर्ष) हर्रा टिकरा थाना मणीपुर निवासी जो अम्बिकापुर से बासेन शादी न्योता मानने जा रही थी। घटना में वृन्दा का पैर बुरी तरह से कुचल गया। जबकि झींगों से गढ़वा जा रहे इमामुद्दीन अंसारी आ. अलीम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। वही गोदा निवासी विद्या देवी पति गौतम विश्वकर्मा, दूधवल रंका निवासी मैराल मुजीब आ. हसन (75 वर्ष), पटना निवासी श्रीमती रेनू पांडे पति राधाराम पांडे एवं लखनपुर निवासी श्रीमती मन बसिया पति बहालीराम भुइयां को मामूली चोटें आई। घटना के बाद लगभग दो घंटों तक देवेंद्र सिंह व वृंदा बस के नीचे दबे रहे। इसी बीच पुलिस ने जेसीबी मंगा कर बस के नीचे दबे दोनों घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इस दुर्घटना में करीब दर्जन भर से ज्यादा लोगों को मामूली चोटें आई है। डॉक्टरों ने वृन्दा एवं इमामुद्दीन की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद बस एवं ट्रक के चालक मौके से फरार हो गए।




### टाइम पकड़ने के चक्कर में हुई दुर्घटना

अम्बिकापुर से गढ़वा जाने वाली सूरज बस अपने निर्धारित समय से अम्बिकापुर से गढ़वा जाने के लिए छुटी परंतु राजपुर पहुंचने से पहले परसागुड़ी के पास बस पंचर हो गया जिससे बस का टाइम फेल हो गया। बस में सवार प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बस जैसे राजपुर से छुटी अपने टाइम पकड़ने के चक्कर में बस का चालक बस को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था। झींगों अलखडीहा के बीच बस सामने जा रहे दूसरे बस को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया और पलट गई।

# कलेक्टर एवं एसएसपी ने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की समन्वय बैठक ली। साथ ही जिले के सभी एसडीएम को वर्चुअल माध्यम से जोड़कर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों, प्रयासों और आवश्यक पहल की समीक्षा कर सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण जल्द दिलाने, जनसमुदाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर बिना देर किए निराकरण करने एवं अपराधियों में पुलिस और कानून के प्रति खौफ बनाए रखने के निर्देश दिए। कारखानों, खदानों में फायर सेफ्टी, वाटर सेफ्टी सिस्टम, सायरन सिस्टम एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में अवैध नशीले दवाईयों के विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने कड़ी कार्रवाई करने, मेडिकल स्टोर्स की औचक निरीक्षण पुलिस, प्रशासन व ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम बनाकर करने, सीमावर्ती जिले से मादक एवं नशीले पदार्थों के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। जिले को नशा मुक्त करने के पुलिस के नवजीवन अभियान के तहत नागरिकों को नशे से बचाव के लिए जागरूक करने, शराबी किस्म के व्यक्तियों का काउंसलिंग कराने, प्रत्येक गांव को नशा मुक्त करने पंचायत एवं ग्रामीणों के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाने एवं मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को राजसात कराने के निर्देश दिए। पुलिस व प्रशासन की टीम को विभिन्न क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के लोगों द्वारा नशा शराब आदि के सेवन पर प्रतिबंध लगाने के लिए सघन अभियान चलाने, अवैध शराब व नशीली वस्तुओं के परिवहन एवं बिक्री पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने, विभिन्न आयोजनों के दौरान जानबूझकर ध्वनि प्रदूषण करने और रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई करने, जिले में हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए माल वाहक वाहन में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई करने, हेलमेट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने लोगों को जागरूक करने के साथ ही सख्ती बरतते हुए एमव्ही एक्ट की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, एसडीएम शिवानी जायसवाल, सीएचएमओ डॉ. कपिलदेव पैंकरा, सीएसपी एसएस पैकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, सौरभ उईके, राजेश जोशी, अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

**लाइफ Style**

# सामंथा

## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत



सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

**हॉलीवुड मसाला**



# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।




# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

**टीवी मसाला**



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस' और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी' इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया' ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की




शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।

# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट** : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



### बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*

### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले




और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

### रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



### हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

### आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।



### शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा

अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।



***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया*** : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।

***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म*** : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।



***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक*** : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

### नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।



### इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।



## खबर संक्षेप

### बरमकेला के बार में समाधान शिविर आज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 15 मई को बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत बार में समाधान शिविर होगा। समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर में ग्राम पंचायत बार, जामपाली, अमूर्रा, जलगढ़ क़ान्दुरपाली, बरपाली, सुखापाली, कंडोला और गिरहुलडीह के आश्रित गांव के ग्रामीण सहित क्षेत्रवासी शामिल हो सकते हैं। शिविर में सुविधा समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। समाधान शिविर में विकासखंड, अनुभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### स्वरोजगार योजना हेतु मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं स्वरोजगार से जोडऩे हेतु छ्ग शासन द्वारा अंत्योदय आदिवासी स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना में सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय संचालित करने हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है।
अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा किए जा सकते है। आवेदन में कांट छांट, ओव्हरराईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### विद्यार्थियों ने पूरा किया हेल्थ केयर इंटर्नशीप

**रायगढ़।** हायर सेकेंडरी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी डॉ के व्ही राव एवं एडीपीओ भुवनेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में अध्ययनरत कक्षा 11वीं के हेल्थ केयर संकाय के छात्र छात्राओं ने हाल ही में 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अमरबेली केरकेट्टा द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।
उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 से इस विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर तथा सूचना प्रौद्योगिकी आईटी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों को छात्र छात्राएं अत्यंत उत्साह एवं रुचि के साथ ग्रहण कर रहे हैं। वर्ष में दो बार औद्योगिक भ्रमण की भी व्यवस्था की जाती है जिसके अंतर्गत विद्यार्थी विभिन्न अस्पतालों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने रक्तचाप, नाड़ी तथा श्वसन दर की जांच की विधियों, प्राथमिक उपचार के सिद्धांतों, सीपीआर देने की प्रक्रिया, पर्यावरणीय स्वच्छता बनाए रखने के उपायों तथा बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत अपशिष्ट निपटान की विधियों के बारे में व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की।

## आरोपियों से तीन कार, सात मोबाइल व नकदी सहित 46.36 लाख की संपत्ति जब्त

# अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्कर 61 किलो गांजा के साथ चढ़े लैलूंगा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम द्वारा ओडिशा से गांजा लाकर क्षेत्र में बेचने वाले दो बड़े गिरोहों के दो तस्करों को दबोचा गया है। आरोपियों के पास से 61 किलो गांजा, तीन कार, सात मोबाइल, नकदी 1.80 लाख सहित कुल 46 लाख 36 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। वहीं दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।


साइबर टीम की गिरफ्त में तस्कर।

दरअसल एसपी दिव्यांग पटेल को स्वयं ओडिशा के बौध जिले से गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने लैलूंगा पुलिस और साइबर सेल को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद संयुक्त टीम ने संदिग्धों की निगरानी शुरू की। 13 मई की दोपहर में तस्करों द्वारा ओडिशा से गांजा लेकर आने की सूचना पर पुलिस ने पाकरगांव के जंगल मार्ग में रेड की। इस दौरान दो कारों में सवार चार तस्करों में से एक आरोपी पुरेन्द्र यादव पिता पितांबर यादव (18) निवासी हरदीझरिया, थाना बागबहार, जशपुर को मौके से गिरफ्तार किया गया, तीन तस्कर फरार हो गए। गिरफ्तार पुरेन्द्र यादव ने पूछताछ में बताया कि वह अपने गिरोह के तीन साथियों रितेश यादव, युगल यादव और यदुमणि यादव के साथ मिलकर ओडिशा से गांजा लेकर बेचने के लिए लाया था। आरोपियों ने ग्लेंजा कार सीजी 14 एमओ 8202 तथा स्वीफ्ट कार सीजी 10 एटी 6949 में फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। गिरफ्तार आरोपी पुरेंद्र यादव और अन्य तीन पर थाना लैलूंगा में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है। आरोपी से मिली जानकारी पर एक अन्य गिरोह से जुड़े आरोपी दिनेश यादव पिता त्रिलोचन यादव (20) निवासी सिहारधार, लैलूंगा को भी लैलूंगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में भी गांजा तस्करी के मामलों में लिप्त रहा है।

### आरोपी दिनेश ने बताई कहानी

दिनेश यादव ने पुलिस को बताया कि उसने 1 मार्च को अपने साथियों केशव यादव और नत्थू यादव के साथ मिलकर ओडिशा से 60 किलो गांजा लाया था। इसमें से उसने खुद 17 किलो गांजा रखा और बाकी गांजा गिरधारी यादव और नत्थू यादव को बेचने के लिए दिया था। लैलूंगा पुलिस ने 8 मार्च को केशव और नत्थू को 22 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर थाना लैलूंगा के अपराध में पहले ही जेल भेज दिया था, जबकि गिरधारी और दिनेश यादव तब से फरार थे। गिरफ्तार दिनेश यादव से पुलिस ने 1.80 लाख रुपए नकदी, वेन्यू कार, छह मोबाइल व एक हाथ घड़ी जब्त की है। फरार तस्करों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।



## निर्माण कार्य स्थलों के औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

■ जिला अस्पताल और कंपोजिट भवन का निर्माण समय पर पूर्ण करें ठेकेदार : कन्नौजे

जिले के दो महत्वपूर्ण निर्माणाधीन भवन जिला चिकित्सालय और कलेक्टोरेट कंपोजिट भवन का कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने दोनों निर्माणधीन भवनों के ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही और गुणवत्ताविहीन मटेरियल का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला अस्पताल भवन में ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, आईपीड, ऑक्सीजन प्लांट, पार्किंग, लैब, डॉक्टर कक्ष, दवा भंडार केंद्र, स्वास्थ्य मिशनरी, एक्सरे कक्ष आदि भारी भरकम निर्माणाधीन भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को ठेकेदार ने पानी की समस्या की जानकारी दी कि अब तक जितने बोर कराए हैं, उसमें पानी नहीं मिल पाया है। आसपास के निजी बोर वालों से पानी की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित सरपंच को निर्देशित किया किए गौठान सहित अन्य सभी बोर से पानी सप्लाई की व्यवस्था करें। ठेकेदार ने कहा कि तेज गति से कार्य किया जा रहा है। वहीं ठेकेदार के द्वारा मजदूर की समस्या बताने पर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने स्थानीय और बाहरी दोनों प्रकार के मजदूरों को शामिल कर कार्य में तेजी लाने की बात कही।

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला कंपोजिट बिल्डिंग का निरीक्षण किया, जहां ठेकेदार ने एक साल में बिल्डिंग पूर्ण करने की जानकारी दी।

जिला कलेक्टर ने कार्य की प्रगति की बेहतर स्थिति को गुणवत्ता के साथ द्रुत गति प्रदान करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान आईएएस प्रखर चंद्राकर एसडीएम, इंद्रजीत बर्मन जिला पंचायत सीईओ, अनिकेत साहू डिप्टी कलेक्टर, डॉ एफ आर निराला सीएमएचओ, दीपक जायसवाल सिविल सर्जन, नंदलाल इजारदार डीपीएम, विग्नेश कुमार एसडीओ लोक निर्माण विभाग, पटवारी, सरपंच, पंच एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला कंपोजिट भवन का निर्माण मार्च 2025 से शुरू हुआ, जिसे पूरा करने के लिए 18 माह का समय दिया गया है।

## कलेक्ट्रेट की कई शाखाओं में हुआ फेरबदल

**रायगढ़।** प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार में प्रशासनिक कसावट की दृष्टि से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों के कार्यभार में फेरबदल किया है। इनमें निर्वाचन पर्यवेक्षक फकीर मोहन षडंगी को निर्वाचन पर्यवेक्षक सामान्य निर्वाचन शाखा के कार्यों के साथ साथ भू अर्जन शाखा का कार्यभार दिया गया है। इसी तरह सुरेन्द्र कुमार पण्डा को सहायक अधीक्षक स्थानीय निर्वाचन सहायक ग्रेड 2 श्रीमती गौरी श्रीवास्तव को वरिष्ठ लिपिक शाखा शास आवास गृह आबंटन सहायक ग्रेड.2 श्रीमती जानकी यादव को सहायक अधीक्षक सा अतिरिक्त वरिष्ठ लिपिक शाखा, सहायक ग्रेड.2 राजकुमार सिदार को राजस्व लेखापाल राजस्व आपदा शाखा, सहायक ग्रेड 2 विजय कुमार सरकार को कमिश्नर कैंप कोर्ट रायगढ़ के साथ विभागीय जांच शाखा का प्रभार सौंपा गया है। सहायक ग्रेड 2 पोषण लाल पटवा को तहसील कार्यालय रायगढ़ सहायक ग्रेड 2 डीकाराम शेष को वाचक न्यायालय नजूल सहायक ग्रेड 2 मुकेश कुमार भोई को भू अर्जन शाखा, सहायक ग्रेड 2 कुलदीप कुमार खैरवार को न्यायिक लिपिक डब्ल्यू सहायक अधीक्षक राजस्व शाखा, सहायक ग्रेड 2 रूपेश कुमार कंवर को वाचक न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर सहायक ग्रेड 2 सुश्री रेखा धुर्वे को जनचौपाल में भेजा गया।

## बोर्ड परीक्षा के मैरिट में आने वाले छात्र छात्राओं को मिलेगा प्रोत्साहन राशि

**रायगढ़।** श्रम विभाग अंतर्गत छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों हेतु मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना संचालित है। उक्त योजनांतर्गत कक्षा 10वीं से स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत या 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर राशि 5000 से 12, 500 रुपए तक वार्षिक प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जाता है। इसी तरह छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल के बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची के प्रथम 10 में आने पर 01 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि तथा दो पहिया वाहन क्रय किए जाने हेतु अनुदान राशि 01 लाख रुपए प्रदाय किया जाता है। व्यवसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हेतु समस्त शैक्षणिक शुल्क शासकीय दर छात्रावास में रहने व भोजन शुल्क 2 हजार प्रतिवर्ष स्टेशनरी हेतु प्रदाय किया जाता है।

## युवक पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शराब के नशे में युवक से मारपीट कर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाने का है।



इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल को सुबह करीब 11:30 बजे दिनेश सिंह उर्फ विक्की एवं एक अन्य व्यक्ति दोनो मोटर सायकल से आये एवं मस्जिद रोड में मस्जिद के मुख्य द्वार के सामने शराब के नशे में दिनेश सिंह के द्वारा मोहम्मद साहिल के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। मोहम्मद साहिल के द्वारा गाली गलौज करने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे और हाथ में रखे धारदार चाकू से प्रार्थी मोहम्मद साहिल के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया। मोहम्मद साहिल की रिपोर्ट पर आरोपी के दिनेश सिंह उर्फ विक्की विरूद्ध धारा 296,351(2),109 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर से टीम गठित किया गया था। जिसके द्वारा लगातार आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपने मेमोरेण्डम कथन मे बताया कि दिनांक घटना को शरबा के नशे मे प्रार्थी का हत्या करने के नियत से चाकू से हमला करना जुर्म स्वीकार किये जाने पर घटना में प्रयुक्त चाकू को पेश करने पर बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 13 मई को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा, उप निरीक्षक के.के.साहू, आरक्षक शेषनारायाण साहू का योगदान रहा।

## शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को करें चिन्हांकित : कलेक्टर

■ कलेक्टर चतुर्वेदी ने ली साप्ताहिक समय.सीमा की बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज समय सीमा की बैठक में महिला बाल विकास और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को अगले 2 सप्ताह में जिले में शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन का काम मिशन मोड में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से गर्भवती महिलाओं की जानकारी विभागों के पास होनी चाहिए। जिससे उन्हें स्वास्थ जांच और गर्भावस्था के विभिन्न चरणों के अनुसार खानपान के लिए जानकारी के साथ ही उनके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इससे संस्थागत प्रसव के साथ ही होने वाले बच्चे को कुपोषण से मुक्त रखने में सहायता मिलेगी।



उन्होंने दोनों विभागों के अमले को यह काम पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।
कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने समय सीमा की बैठक में विभागीय काम.काज की समीक्षा की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न जनसमस्या निवारण पोर्टल्स में लंबित आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से कारण जाना। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि विभागीय अधिकारी स्वयं नियमित रूप से अपनी आईडी पर आने वाले आवेदनों का संज्ञान लेते हुए उसके निराकरण के लिए त्वरित पहल करेंगे। इसमें लेट लतीफी में काम में लापरवाही मानी जाएगी।
कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने राशन दुकानों से राशन नहीं मिलने अथवा राशन दुकान के सही संचालन नहीं होने की दशा में संबंधित संचालक पर त्वरित और कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम और खाद्य अधिकारी से कहा कि लोगों को राशन नहीं मिलने की शिकायतें अत्यंत गंभीर हैं, इस प्रकार की शिकायतों की तुरंत जांच करवाकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की ली गई जानकारी

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही पर जिला परिवहन अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों में इसके लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य करें। परिवहन और यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से इस दिशा में कार्य किया जाए। नंबर प्लेट लगाने के लिए कैंप लगाएं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण और प्राथमिकता का कार्य है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने समाज कल्याण विभाग को कृत्रिम पैर की आवश्यकता वाले दिव्यागजनों की जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए।

## सांप डसने के तुरंत बाद स्वास्थ्य केंद्रों में कराएं इलाज

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जनसामान्य को सर्पदंश के मामलों में विशेष सर्तकता बरतने हेतु सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सर्पदंश होता है तो तुरंत ही स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु पहुचाएं क्योंकि देर होने पर शरीर में जहर फैलने लग जाता है जिससे गंभीर स्थिति निर्मित होती है। साथ ही झाड़ फूंक में समय व्यतीत न करें। और समय रहते अपना इलाज कराकर जीवन बचाएं। सीएमएचओ ने बताया कि बदलते मौसम में सर्पदंश के प्रकरण अधिकांश पाए जाते है जिसमें सर्पदंश को लेकर अक्सर लोग जड़ी बूटी या झाड़ फूंक में ज्यादा यकीन रखते है और ऐलोपैथिक इलाज करने से कतराते है जिससे समय पर उचित इलाज न मिलने से जीवित रहने की उम्मीद कम हो जाती है। सर्वाधिक मामले विकासखंड लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा और तमनार में आते हैं और यहां के लोग ज्यादातर झाड़ फूंक के चक्कर में समय व्यतीत करते है। इसे ध्यान में रखते हुए समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सको को सर्पदंश के इलाज हेतु एन्टी स्नेक वेनम एवं अन्य जरूरी संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए।

## नेशनल लेक्रोस चैंपियनशिप में रायगढ के 51 खिलाड़ी शामिल

**खरसिया।** 2028 ओलंपिक में शामिल खेल लैक्रोस की तीसरी नेशनल चौंपियनशिप का आयोजन 29 अप्रैल 2025 से 01 मई 2025 तक आगरा उत्तरप्रदेश में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ लैक्रोस की 5 टीमों ने भाग लिया। इनमें रायगढ़ जिले के 51 खिलाड़ी और 5 कोच मैनेजर शामिल थे।



इस प्रतियोगिता में सब जूनियर लडको के टीम ने रजत पदक सब जूनियर लड़कियों के टीम ने कांस्य पदक और सीनियर महिला टीम ने कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की सबसे अधिक संख्या पुसौर और खरसिया से थे। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ लैक्रोस टीम के कोच की भूमिका राजनारायण प्रधान, विजय कांते एवं दीपक प्रधान रहे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ लैक्रोस संघ व के सचिव देवव्रत चौधरी ने आज डीएसओ जीवन नायक की उपस्थिति में 2028 ओलंपिक गेम्स में शामिल लैक्रोस खेल और छत्तीसगढ़ लैक्रोस टीम की उपलब्धियों की जानकारी कलेक्टर रायगढ़ को दी। छत्तीसगढ़ लैक्रोस संघ के सचिव श्री चौधरी ने यह भी बताया गया कि इसी वर्ष 2025 में जापान के शहर ओकिनावा आयोजित अंतरराष्ट्रीय लैक्रोस प्रतियोगिता जो 20 से 23 फरवरी तक आयोजित हुइ उसमें छत्तीसगढ़ टीम के अंतर्गत रायगढ़ जिले के 4 खिलाड़ियों जिनमें आर्यन केशरवानी, शिवम गबेल, प्रिंस कांटे एवं अभिनव सत्पथी ने भाग लिया था जो छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है।

## भगवान आनंदमूर्ति की 104 वीं जयंति मनाई गई

**रायगढ़।** सामाजिक धार्मिक, आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विश्वप्रसिद्ध संस्था आनंद मार्ग के प्रवर्तक भगवान आनन्दमूर्तिकी 104 वीं जन्मोत्सव को आनंद मार्ग आश्रम बेलादुला स्थित जागृति रायगढ़ में आनंद मार्गी भक्तगण आनंद पूर्णिमा के रूप में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर आनंद मार्ग आश्रम बेलादुला स्थित जागृति रायगढ़ में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिनमें दिनांक 11 मई को शाम 6 बजे से 12 मई सुबह 6 बजे तक बाबा नाम केवलम अष्टाक्षरी महामंत्र पर केंद्रित अखंड कीर्तन किया गया। सुबह मंगलध्वनी, जयघोष, प्रभात संगीत, कीर्तन सामूहिक साधना, विविध भाषाओं में आनंद वाणी पाठ, प्रसाद वितरण किया गया वहीं सुबह प्रभात फेरी बाबा के जयघोष के साथ आनंद मार्ग आश्रम जागृति बेलादुला स्थल से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी में शामिल सभी आनंद मार्गी भक्तगण बाबा नाम केवलम अष्टाक्षरी महामंत्र आधारित कीर्तन में झूमते हुए, आनंद मार्ग अमर रहे, एक चूल्हा जलाया एक चौका एक है मानव समाज जैसे उपयोगी नारे लगाते हुए बंगला पारा सेठी नगर, मुख्य स्टेडियम, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी होते हुए पुनः आनंद मार्ग आश्रम जागृति बेलादुला रायगढ़ में संपन्न हुई।

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. /अ-6 A2024-2025
सर्व साधरण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल प्रसाद पिता स्व. जयनारायण निवासी फिल्टर प्लाट के पास भानुप्रताप कालोनी मधुबनपारा, रायगढ़ तहसील व जिला रायगढ़ छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत लेख किया है कि आवेदक व अन्य सहखातेदारो के नाम पर नजूल शीट नंबर 55 प्लाट नंबर 171/15 रकबा 3200 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकन नहीं होने पर नक्शा बटांकन किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अत: उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति हितबद्ध पक्षकार अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 19/05/2025 को प्रात: 11 बजे तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है उक्त निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
आज दिनांक 23.04.25 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं मुहर अंकित कर जारी किया गया।
नजूल अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)

## 10 नई क्रांति पर कार्यशाला में विस्तार से दी गई जानकारी

# रजिस्ट्री के बाद स्वतः होगा नामांतरण, अलग से नहीं करनी पड़ेगी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स और अफसरों ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब रजिस्ट्री के साथ नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः होगी। इसके लिए अब कोई अलग से प्रक्रिया नहीं करनी पड़ेगी।



अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेते अफसर।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने बहुत अच्छी नीती लाई है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री की 10 क्रातियों से आमजनों एवं किसानों को लाभ मिलेगा। रजिस्ट्री, नामंतरण में जो समस्या आती थी उसे दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 क्रांति लाई है जिससे पारदर्शी ढंग से रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होगा। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के नेतृत्व में रजिस्ट्री में की गई 10 नई क्रांति बहुत अच्छी पहल है। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। इससे नामांतरण की प्रक्रिया आसान हो जाएगा तथा साथ ही नागरिक डीजीलॉकर में सारे दस्तावेजों को सुरक्षित रख सकते हैं। विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा 10 क्रांतियों से आमजनों के लिए रजिस्ट्री, नामंतरण संबंधी समस्याओं का सामना नहीं होगी। साथ ही उन्होंने इसके संबंध में सुझाव भी दिए। विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की बहुत अच्छी पहल है। नागरिकों को अब नामंतरण के लिए परेशानी नहीं होगी एवं सुविधाओं में विस्तार होगा। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कार्यशाला में 10 क्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, राजकुमार साहू, श्रीमती मोहनमति साहू, महादेव नेताम, सुश्री आशा साव आदि उपस्थित रहे।

